# भारत और न्यूजीलैंड की टीम पहुंची इंदौर, कोहली, रोहित की झलक पाने पहुंचे प्रशंसक





**इंदौर.** भारत और न्यूजीलैंड की वनडे सीरीज का अंतिम मुकाबला 18 जनवरी को होलकर स्टेडियम में होगा. इस निर्णायक मैच के लिए दोनों टीमें गुरुवार को इंदौर पहुंच गई. विराट कोहली, रोहित शर्मा सहित अन्य चहेते खिलाड़ियों की झलक पाने के लिए प्रशंसकों की भीड़ एयरपोर्ट पर मौजूद रही. गुरुवार को भारतीय और न्यूजीलैंड की टीम दिग्गज खिलाड़ियों के साथ इंदौर पहुंच गई. उनकी झलक पाने के लिए सैकड़ों की संख्या में प्रशंसक एयरपोर्ट के बाहर खड़े थे. एयरपोर्ट पर भारत की टीम ने कप्तान रोहित शर्मा, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, शुभमन गिल, केएल राहुल, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव के पहुंचते ही प्रशंसकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया. कोच गौतम गंभीर भी टीम के साथ मौजूद रहे. इनके साथ ही न्यूजीलैंड के खिलाड़ी पहुंचे. एयरपोर्ट से सभी खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा के बीच सीधे होटल के लिए रवाना किया गया. सुरक्षा की दृष्टि से एयरपोर्ट और होटल के आसपास पुलिस बल तैनात किया गया है और प्रत्येक व्यक्ति की सघन जांच की जा रही है.

**होलकर स्टेडियम में करेंगी अभ्यास** –टीमों के आगमन के बाद अगले दो दिनों तक दोनों टीमें दोपहर और शाम के सत्र में आधिकारिक अभ्यास सत्र में भाग लेंगी. 26 हजार दर्शकों की क्षमता वाला यह स्टेडियम पूरी तरह से भरने की उम्मीद है क्योंकि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे सितारों को देखने के लिए स्थानीय जनता में भारी उत्साह देखा जा रहा है.






# आईडीए की वृद्धजनों के लिए चर्चित स्नेह धाम बिल्डिंग का टेंडर निरस्त

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** आईडीए ने छह माह पहले वृद्धों के लिए बनाई सीनियर सिटीजन बिल्डिंग का टेंडर निरस्त कर दिया है. इसका कारण यह बताया जा रहा है कि लीज पर लेने वाली कंपनी ने सेक्युरिटी डिपाजिट की राशि जमा नहीं कराई है. टेंडर के दौरान जमा राशि आईडीए ने जब्त कर ली है. खास बात यह है कि उक्त छह मंजिला भवन का नाम स्नेह धाम रखा गया था और मुख्यमंत्री ने उक्त भवन का लोकार्पण किया था.

आईडीए ने योजना 134 में 26 करोड़ की लागत से सीनियर सिटीजन बिल्डिंग बनाई थी. उक्त बिल्डिंग का नाम बना स्नेह धाम रखा था. 32 फ्लैट वाली छह मंजिला भवन में वृद्धजनों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने और संधारण का ठेका रतलाम की बालाजी होटल प्रा. लिमिटेड ने लिया था. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 25 जून को स्नेह धाम भवन का लोकार्पण किया था. स्नेह धाम को 10 साल की लीज पर दिया गया था. शर्त के मुताबिक बालाजी होटल प्रा लि को हर माह आईडीए 3.51 लाख और 2 करोड़ रुपए सिक्योरिटी डिपाजिट जमा करना था. ऐसा बताया जा रहा है कि आईडीए ने कंपनी को भवन का कब्जा भी सौंप दिया था, लेकिन टेंडर में भाग लेने के लिए डाली गई राशि के अलावा कंपनी ने भुगतान नहीं किया.



## बिना डिपाजिट सौंप दिया भवन

सोचने वाली बात यह है कि बिना डिपाजिट के भवन कंपनी को सौंप दिया. आईडीए अपनी राशि जमा कराना भूल गया. जब कंपनी को राशि जमा करने का नोटिस दिया गया तो भी राशि जमा नहीं करवाई गई. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसके बाद आईडीए ने योजना 134 में छह मंजिला स्नेह धाम भवन का ठेका निरस्त कर दिया है.

# जीरामजी योजना से कांग्रेस को आपत्ति क्यों: विजयवर्गीय

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. भाजपा सरकार की जी राम जी योजना को लेकर कांग्रेस को आपत्ति क्यों है? राहुल गांधी उपवास रखेंगे तो एक दिन का अन्न बचेगा.**



यह बात आज प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पत्रकारों से कही. कैलाश विजयवर्गीय ने आज पत्रकारों से कहा कि राम के नाम से कांग्रेस की भोहें क्यों तन जाती है. आज पूरे देश में कांग्रेस जी राम जी योजना का विरोध कर रही है. उन्होंने बताया कि विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन नाम है जी राम जी योजना का. देश और विभिन्न राज्यों में कांग्रेस के नेहरू गांधी परिवार के नाम 6 सौ योजनाएं चल रही है. उन्हें एक नाम से आपत्ति क्यों है. विजयवर्गीय ने 1980 से इंदिरा गांधी से लेकर मनमोहन सिंह की विभिन्न योजनाओं के नाम का उल्लेख किया है, जिसमें मनरेगा भी शामिल है. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी भागीरथपुरा के त्रासदी को लेकर उपवास रखेंगे. विजयवर्गीय ने तंज कसा कि एक दिन का अन्न बचेगा.

## एक नजर में

### नकली शक्ति ब्रांड पर कानून का शिकंजा

इंदौर. शक्ति पम्पस् (इंडिया) लिमिटेड के पंजीकृत ट्रेडमार्क शक्ति की नकल कर बाजार में नकली पंप बेचने वाले गिरोह पर कानून का शिकंजा कस गया है. दिल्ली डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के आदेश के बाद आज इंदौर के सियागंज इलाके में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया. शक्ति पम्पस् को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि इंदौर स्थित मां वैष्णव पम्प द्वारा एस के शक्ति नाम से पंप बेचे जा रहे हैं. इन पंपों की पैकेजिंग, डिजाइन, लोगो और नाम लिखने का तरीका हूबहू असली शक्ति ब्रांड जैसा था. कंपनी की ओर से नवकार एसोसिएट्स के अधिवक्ता नम्रता जैन और विजय सोनी ने दिल्ली के वाणिज्यिक न्यायालय में मामला दायर किया. कोर्ट ने इसे ट्रेडमार्क एक्ट 1999 और कॉपीराइट एक्ट 1957 का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए तत्काल प्रभाव से एक लोकल कमिश्नर नियुक्त किया और पुलिस की सहायता से सर्च एवं सीज़र (जब्ती) के आदेश जारी किए. कोर्ट के आदेश पर गुरुवार इंदौर के सियागंज स्थित दुकान एवं परिसर पर छापेमारी की गई. इस दौरान बड़ी मात्रा में एसके शक्ति ब्रांड के नकली पंप और पानी की मोटर बरामद की गईं. दिल्ली डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि अब से कोई भी व्यक्ति या इकाई एसके शक्ति नाम से पंपों का निर्माण, भंडारण, बिक्री, वितरण या विज्ञापन नहीं कर सकेगा.

### स्काईस्कैनर ने सस्ते स्थान तलाशने का तरीका पेश किया

इंदौर .ग्लोबल ट्रैवल ऐप स्काईस्कैनर के मुताबिक इस साल 84 प्रतिशत भारतीय यात्री अंतर्राष्ट्रीय यात्रा करना चाहते हैं. यानी उनके बीच घूमने की चाहत बहुत जोरों पर है. लेकिन अनिश्चित किराए, टाईमिंग और ढेर सारें विकल्पों के बीच भ्रमित होने के कारण 81 प्रतिशत यात्रियों के लिए 2026 में यात्रा की बुकिंग करना बहुत अधिक चुनौतीपूर्ण है. यात्रा की योजना बनाने की इस दुविधा को दूर करने के लिए स्काईस्कैनर ने साल 2026 में भारतीय यात्रियों के लिए सर्वोच्च 10 सबसे सस्ते स्थानों की सूची तैयार की है. साथ ही कंपनी ने एक नया चीपेस्ट डेस्टिनेशन प्लानर भी पेश किया है, जिससे यात्रा के लिए किफायती स्थान तलाशकर योजना बनाना बहुत आसान हो जाएगा. स्काईस्कैनर के ब्रांड एम्बेसडर, सूर्यकुमार स्काई यादव ने कहा, मेरे लिए बहुत व्यस्त शेड्यूल के साथ ट्रैवल करने के लिए समय निकालना हमेशा आसान नहीं होता है. इसीलिए स्मार्ट प्लानिंग बहुत महत्वपूर्ण है. स्काईस्कैनर का नया चीपेस्ट डेस्टिनेशन प्लानर स्मार्ट प्लानिंग को आसान बना देता है यह योजना बनाने में आपका समय बर्बाद होने से बचाता है और आपको ट्रिप की तैयारी करने के लिए ज्यादा समय प्रदान करता है.

### बजाज ने पेश किया नया चेतक सी25

इंदौर. टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर कंपनी बजाज ऑटो ने आज बिल्कुल नए चेतक सी25 के लॉन्च की घोषणा की. चेतक पोर्टफोलियो में शामिल यह स्टाइलिश, स्लीक और यंग एडिशन रोज़मर्रा की आसान आवाजाही के लिए डिजाइन किया गया है. सी25 ब्रांड को एक यंग और कूल पहचान देता है, जबकि इसकी बुनियाद चेतक के उसी डीएनए पर टिकी है जो मजबूती, टिकाऊपन और भरोसेमंद परफॉर्मेंस का प्रतीक रहा है. शहर के लिए डिज़ाइन किया गया, आपके स्टाइल में ढला हुआ चेतक सी25 स्लीक और मॉडर्न अवतार में नियो क्लासिक डिज़ाइन लैंग्वेज के साथ आता है. 2.5 किलोवॉट की बैटरी से लैस चेतक सी25 113 किमी तक की रेंज, 55 किमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड और सिर्फ 2.25 घंटे में 80% चार्जिंग के साथ रोज़मर्रा के शहर इस्तेमाल के लिए पूरी तरह उपयुक्त है. लॉन्च के मौके पर बजाज ऑटो लिमिटेड के प्रेसिडेंट अर्बनाइट बिज़नेस, एरिक वास ने कहा, चेतक सी25 इस बात को दर्शाता है कि आज शहरी आवाजाही का तरीका कैसे बदल रहा है, जहां यात्राएं छोटी हो रही हैं, सड़कों की जगह सिमट रही है और स्वतंत्र आवाजाही की जरूरत बढ़ रही है. इसका रूप भले ही कॉम्पैक्ट और मॉडर्न हो, लेकिन इसकी बुनियाद पूरी तरह चेतक की ही है, यानी मजबूती, टिकाऊपन और भरोसेमंद परफॉर्मेंस.

### निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस ने शुरू की पिंक लीव

इंदौर. एक समावेशी और सहानुभूतिपूर्ण कार्यस्थल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने पिंक (पीरियड) लीव पॉलिसी की शुरुआत की घोषणा की है- जिसके साथ वह भारत की उन पहली स्वास्थ्य बीमा कंपनियों में शामिल हो गई है, जिन्होंने पूरे भारत में अपने सभी कर्मचारियों के लिए ऐसी पहल शुरू की है. यह प्रगतिशील पहल महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और सभी कर्मचारियों के लिए एक सहायक वातावरण बनाने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती है. पॉलिसी की शुरुआत पर निवा बूपा के डायरेक्टर, चीफ सस्टेनेबिलिटी एवं एचआर ऑफिसर तरुण कात्याल ने कहा निवा बूपा में हम मानते हैं कि सच्चा कर्मचारी कल्याण केवल नीतियों से आगे बढ़कर होता है- यह सहानुभूति, समझ और वास्तविक जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से जन्म लेता है। पिंक लीव की शुरुआत महिलाओं के स्वास्थ्य को सार्थक तरीके से समर्थन देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है. यह पहल न केवल वेलनेस को बढ़ावा देती है, बल्कि देखभाल, समावेशन और व्यक्तिगत आवश्यकताओं के प्रति सम्मान की हमारी संस्कृति को भी मजबूत करती है.

# मणिकर्णिका घाट को लेकर इंदौर महाराष्ट्रीयन समाज में आक्रोश

▶ ताई ने की बात और समाजजनों की ओर से पत्र लिखने का दिया संदेश

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. बनारस में देवी अहिल्या बाई होलकर द्वारा निर्मित मणिकर्णिका घाट को लेकर स्थानीय महाराष्ट्रीयन समाज में आक्रोश व्याप्त है. उक्त मामले को लेकर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष ने बनारस के कलेक्टर से बात की है. साथ ही होलकर के खासगी ट्रस्ट और अहिल्या जनशताब्दी समिति को भी पत्र लिखने का कहा है.**



दो दिन पहले बनारस में काशी विश्वनाथ मंदिर के पास और गंगा नदी किनारे स्थित ऐतिहासिक मणीकार्निका घाट प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया. उक्त घाट का निर्माण लोकमाता अहिल्या देवी के द्वारा 1771मे करावाया गया था. घाट ऐतिहासिक महत्व का होने के साथ आस्था का केंद्र भी था. उक्त मामले को लेकर महाराष्ट्रीयन समाज में रोष व्याप्त है. इसको लेकर महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा दोषी अधिकारियों पर कारवाई की मांग की गई है. पूर्व पार्षद और देवी अहिल्या समिति के सुधीर देगड़े ने कहा कि विकास के लिए ऐतिहासिक महत्व की धरोहरो को इस प्रकार ध्वस्त करना गलत है. इस मामले को लेकर धनगर समाज मे असंतोष एवं आक्रोश व्याप्त है. लोकमाता अहिल्या बाई द्वारा किए जन कल्याण कार्यों का आज भी ऐतिहासिक महत्व है. लोगों की आस्था का केंद्र है. मणिकर्णिका घाट को इस प्रकार बगैर किसी पुरातत्व अधिनियमों का पालन किए लगभग 250 पूर्व निर्मित धरोहर को तोड़ना, उचित ही नहीं है। बगैर सावधानी के विनाश करना अनुचित है. हम विकास का समर्थन करते है, किन्तु जिस प्रकार अहिल्या बाई द्वारा स्थित मंदिर को नासमझी से ध्वस्त किया गया. उससे समाज एवं अहिल्या भक्तों कि जन भावना आहत हो रही है और समाज में आक्रोश व्याप्त है. धनगर, गड़रिया, पाल, बघेल समाज के साथ धनगर समाज कि समस्त उपजातियां इस कुकृत्य के दोषी अधिकारियों को दण्डित करने एवं माणिकर्णीका घाट एवं देवस्थान का पुन:निर्माण एवं लोकमाता देवी अहिल्या की प्रतिमा पुन: स्थापित करने की मांग करता है.



# भागीरथपुरा में त्रस्त दिव्यांग परिवारों को कांग्रेस ने लगवाई आरओ मशीन

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. भागीरथपुरा में दूषित जल त्रासदी से ग्रसित दिव्यांगो को कांग्रेस ने आर ओ मशीन का वितरण किया. कांग्रेस जनों ने कहा कि भागीरथपुरा में सत्ता संवेदना से शून्य है, वहीं सज्जन सिंह वर्मा की पहल बताती है कि कांग्रेस आज भी जनता के साथ शब्दों से नहीं, कर्म के साथ खड़ी है.**

भागीरथपुरा में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल दौरे के दौरान चेतन नीम ने सज्जन सिंह वर्मा के समक्ष बताया कि दिव्यांग पेंशन महीनों तक नहीं मिलती है. दूषित पानी से पूरा परिवार बीमार है. उन्होंने आरओ मशीन की मांग शासन, विधायक एवं पार्षद से भी की थी, पर किसी ने सहायता नहीं की. आज कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल पुन: भागीरथपुरा जाकर वर्मा द्वारा भेजी गई आरओ मशीनें योगेश वानखेड़े, वंदना वानखेड़े, शैलेन्द्र सिंह, प्रियंका सिंह निवासी भागीरथपूरा के घर आरओ मशीन लगवाई. आरओ मशीन भेंट करने के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश चौकसे, गिरधर नागर, मनोहर धवन, अफसर पटेल, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया, मदन सिंह यादव, दीपक रानू मलोरिया, अमित यादव, आशीष यादव, केवल नारंग उपस्थित थे.

# 300 किलो पनीर और एक हजार लीटर पामोलीन तेल जब्त

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज जिला प्रशासन खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा नकली की आशंका में 3 किलो पनीर और 1 हजार लीटर पामोलिन तेल जब्त किया गया. उक्त कार्रवाई मूसाखेड़ी क्षेत्र में की गई.**



शहर में फूड एंड ड्रग विभाग द्वारा मिलावटखोरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. आज कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर मूसाखेड़ी चौराहा स्थित मां कृपा डेयरी पर छापामार कार्रवाई की गई. उक्त डेयरी से पनीर, मिक्स मिल्क, मिल्क केक, घी एवं फ्रायोलीन पामोलिन तेल का नमूना जांच के लिए लिया गया. मौके से 300 किलो पनीर एवं 64 टीन पामोलिन तेल लगभग 1000 किलो जब्त किया गया. उक्त प्रदार्थों का बाजार मूल्य तीन लाख 10 हजार के आसपास है. दुकान का पंजीयन नहीं होने के कारण निर्माण एवं विक्रय कार्य आगामी आदेश तक के लिए बंद करवाया गया. सभी नमूनों को जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है, जिनकी विश्लेषण रिपोर्ट मिलने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी.

**एक नजर में** ▶ **संस्था सेवा सुरभि की मेजबानी में झंडा ऊंचा रहे हमारा अभियान का शुभारंभ : बास्केटबाल काम्प्लेक्स में 20 कॉलेजों के छात्र–छात्राओं से संवाद**

# पहले अपना ध्यान रखें, फिर परिवार, फिर समाज और फिर राष्ट्र : चेतन भगत

इंदौर. हमारे बचपन में मोबाइल फ़ोन नाम की बीमारी नहीं थी और शारीरिक गतिविधियाँ बहुत ज्यादा होती थी. अब ये सब मुश्किल है. हम फ़ोन पर घंटों बतिया सकते हैं. सिगरेट के पैकेट पर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने की चेतावनी लिखी होती है लेकिन मोबाइल फ़ोन पर नहीं. यह मोबाइल की बीमारी हमारा बहुत सा समय खराब कर रही है. राष्ट्र निर्माण के लिए सबसे जरुरी काम है शिक्षित होना. जीवन में आगे बढ़ने का एक ही तरीका है- शिक्षा. राष्ट्र निर्माण से पहले हम अपना निर्माण करें और जीवन में कुछ बनकर दिखाएं. पहले अपना ध्यान रखें, फिर परिवार, फिर समाज और फिर देश का ध्यान रखें.

यह बात प्रख्यात लेखक, चिन्तक और विचारक चेतन भगत ने कही. उन्होंने गुरुवार दोपहर को संस्था सेवा सुरभि द्वारा जिला प्रशासन, इंदौर पुलिस, नगर पालिक निगम और इंदौर विकास प्राधिकरण की सहभागिता में प्रवर्तित झंडा ऊँचा रहे हमारा अभियान के शुभारंभ प्रसंग पर रेसकोर्स रोड स्थित बास्केटबाल काम्प्लेक्स पर जनरेशन भारत-बिल्डिंग न्यू इंडिया विषय पर 'मैं देश के लिए क्या कर सकता हूँ' जैसे ज्वलंत मुद्दे पर शहर के 20 इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कॉलेजों के छात्र-छात्राओं से रू-बरू होते हुए उक्त बातें कही. सांसद शंकर लालवानी, वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, गीता रामेश्वर ट्रस्ट की ओर से पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, समाजसेवी टीकमचंद गर्ग, हितेश बिंदल, पद्मश्री जनक पलटा के साथ चेतन भगत ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम और अभियान का शुभारंभ किया. प्रारंभ में संस्था सेवा सुरभि की ओर से संयोजक ओमप्रकाश नरेडा, वीरेन्द्र गोयल, मोहित शेठ, अरविन्द जायसवाल, निकेतन सेठी, दीपक जैन टीनू, नारायण अग्रवाल, अतुल शेठ, इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से नवीन खंडेलवाल आदि ने मुख्य वक्ता एवं अतिथियों का स्वागत किया. विषय प्रवर्तन और संचालन किया रंगकर्मी संजय पटेल ने.



## स्वस्थ और फिट होना जरूरी

चेतन भगत ने कहा कि बच्चा जब पैदा होता है तो वह किसी दूसरे का ध्यान नहीं रखना बल्कि दूसरों को उसका ध्यान रखना पड़ता है. यहां देश के लिए मैं क्या कर सकता हूँ, जनरेशन भारत बिल्डिंग न्यू इंडिया जैसा विषय दिया गया है. मेरी मान्यता है कि हमें पहले अपना ध्यान, फिर परिवार, फिर समाज और फिर देश का ध्यान रखने की प्रवत्ति होना चाहिए. अपना ध्यान रखने का मतलब यह हुआ कि हमारी शारीरिक और मानसिक फिटनेस सही होना चाहिए. कुछ भी करने के लिए स्वस्थ और फिट रहना जरुरी है. उन्होंने कहा कि नेशन बिल्डिंग के लिए शिक्षा बहुत जरुरी है. हमारे दोस्त भी अच्छे होना चाहिए क्योंकि कुछ दोस्त बिगाड़ने वाले भी होते हैं. सबसे अहम बात तो यह है कि हमें जीवन में पहले कुछ बनकर दिखाना होगा. हम कुछ बन जाएं तो फिर परिवार का ध्यान रखें. पैसा भी जरुरी है लेकिन उतनी ही जरुरी है उदारता, ताकि हम परिवार के साथ दूसरों की भी मदद कर सकें.

## देश के लिए काम करने के कई तरीके

भगत ने कहा कि देश के लिए काम करने के बेशुमार तरीके हैं. हम लिख सकते हैं, सोशल मीडिया के माध्यम से काम कर सकते हैं लेकिन इन सब के लिए पहले खुद और परिवार को सेट करने और आर्थिक रूप से अपना और परिवार का भविष्य सुरक्षति करना भी जरुरी है. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक संगठनों के प्रतिनिधि और पदाधिकारी उपस्थित थे. संस्था सेवा सुरभि के संयोजक ओमप्रकाश नरेडा ने बताया कि झंडा ऊँचा रहे हमारा अभियान में 16 जनवरी को सुबह 8.30 से 10 बजे के शहर के स्कूलों और विभिन्न संस्थाओं द्वारा रीगल चौराहे पर स्थापित इंडिया गेट की प्रतिकृति पर देश भक्ति से प्रेरित गीतों की प्रस्तुतियों का कार्यक्रम होगा.